प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 03.01.2026 (दोपहर – 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भगवान बुद्ध द्वारा दिखाया गया मार्ग और ज्ञान समस्त मानवता के लिए है और उनके पवित्र अवशेष मात्र कलाकृतियां नहीं बल्कि देश की पूजनीय विरासत का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कहा कि ये अवशेष देश की सभ्यता के अभिन्न अंग हैं। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में भगवान बुद्ध से संबंधित पिपरहवा के पवित्र अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने इस प्रदर्शनी की सूची का भी अनावरण किया।

********************

नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज गिरिडीह जिले में इकहत्तर विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। इन योजनाओं पर लगभग सवा छह करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि सभी योजनाएं तय समय पर पूरी होंगी। उन्होंने आम लोगों से कहा कि वे इन योजनाओं के तहत होने वाले कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखें।

साउंड बाइट– सुदिव्य कुमार, गिरिडीह ऑन शिलान्यास– 22 सेकेंड

********************

राज्य सरकार ने प्रदेश की सभी 25 हजार 428 पीडीएस दुकानों पर 4 जी आधारित ई–पोस मशीनें लगाने की पहल की है। विभागीय मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जामताड़ा से इसका शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 2जी की जगह 4जी तकनीक आने से राशन वितरण अब तेज, पारदर्शी और नेटवर्क समस्याओं से मुक्त होगा, जिससे लाभुकों को राहत मिलेगी।

********************

एनसीसी कैडेट गणतंत्र दिवस शिविर 2026 में देश भर से कुल 2 हज़ार चार सौ छह एनसीसी कैडेट हिस्सा लेंगे जिसमें आठ सौ 98 लड़कियां शामिल हैं। नई दिल्ली में एनसीसी के लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स ने कहा कि 25 मित्र देशों के कैडेट और अधिकारी भी यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत समारोह में हिस्सा लेंगे। गणतंत्र दिवस परेड के दौरान, कैडेट कई गतिविधियों में शामिल होंगे, जो 28 जनवरी को प्रधानमंत्री की रैली के साथ समाप्त होगा।

********************

देवघर में एनडीआरएफ की टीम ने प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बचाव और लोगों को सुरक्षा के तरीके बताने के लिए मॉक ड्रील किया गया। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों और विद्यालयों में ट्रेनिंग कैंपेन भी चलाए गए। इस मौके पर लोगों को बताया गया कि आपदाओं के दौरान सावधानी बरतने के साथ कैसे अपनी सुरक्षा की जा सकती है।

********************

पलामू जिला के हुसैनाबाद पुलिस ने एक फर्जी अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहम्मद याकूब ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से फर्जी आईएएस बनकर अधिकारियों को गुमराह करता आ रहा था। उसके पास से नकली आईडी, मोबाइल फोन और भारत सरकार के दूरसंचार विभाग का नेम प्लेट भी बरामद हुआ है।

********************

जमशेदपुर के एमजीएम थाना क्षेत्र में पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। सांसद बिद्युत बरण महतो ने राज्य सरकार से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता देने तथा पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच के साथ दोषी पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

********************

विजय हजारे ट्रॉफी में आज झारखंड औऱ केरल के बीच अहमदाबाद में मैच खेला जा रहा है। इस मैच में झारखंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित पचास ओवर में सात विकेस पर तीन सौ ग्यारह रन बनाए। झारखंड के लिए कुमार कुशाग्र ने नाबाद 143 रन और अनुकूल रॉय ने 72 रन की पारी खेली। वहीं, इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी केरल ने अबतक बिना विकेट खोए 113 रन बना लिए हैं।

*********समाप्त***********